निगमित संप्रेषण एवं निवेशक संबंध
प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे-5
टेली : 020-25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार

प्रेस विज्ञप्ति

'आजादी का अमृत महोत्सव' के तत्वावधान में बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा "स्वराज्य महोत्सव" में सहभाग

पुणे, 17 अगस्त, 2022: बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने महाराष्ट्र सरकार के निर्देशों के अनुसार शिवाजीनगर, पुणे स्थित अपने प्रधान कार्यालय, लोकमंगल में "स्वराज्य महोत्सव" में सहभाग लिया। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कार्यपालक निदेशकों श्री ए. बी. विजयकुमार और श्री आशीष पाण्डेय ने "स्वराज्य महोत्सव" का नेतृत्व किया। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण, कार्यपालकगण और अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

"स्वराज्य महोत्सव" के उपलक्ष्य में सभी स्टाफ सदस्य एकत्रित हुए और प्रातः 11.00 बजे राष्ट्रगान का गायन किया। इसके बाद कार्यपालक निदेशकों ने स्टाफ सदस्यों के साथ परिचर्चा की।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र संपूर्ण देश में अपनी शाखाओं और अंचल कार्यालयों के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों यथा तिरंगे के साथ बाइक रैली, वंचितों को स्टाफ सदस्यों द्वारा तिरंगे का वितरण, फ्लैश डांस, नुक्कड़ नाटक जैसे जागरूकता कार्यक्रम और विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजना अभियानों इत्यादि के माध्यम से पूरे उत्साह के साथ 'आजादी का अमृत महोत्सव' मना रहा है।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निगमित संप्रेषण एवं निवेशक संबंध
प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे-5
टेली : 020-25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार

फोटो : कार्यपालक निदेशक श्री ए बी विजयकुमार एवं श्री आशीष पाण्डेय महाप्रबंधकों के साथ अधिकारियों को संबोधित करते हुए और लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे में राष्ट्रगान के लिए इकट्ठे हुए कर्मचारी ।